भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 17.11.2022

माननीय रेलमंत्री की सुपरवाईजर स्तर के कर्मचारियों केलिए घोषणा

रायबरेली, 16 नवम्बर, 2022 : केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कान्फ्रेन्स में रेलवे विभाग के सुपरवाईजर स्तर के कर्मचारियों को वित्तीय उन्नयन देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा वित्तीय उन्नयन की की मांग सालों से चली आ रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा कर्मचारियों की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी की जायेगी जिसके तहत विभिन्न मंडलों एवं यूनिटों में कार्यरत सुपरवाईजर कर्मचारियों का लोकल स्तर पर उन्नयन का आदेश निकाला जायेगा । रेल मंत्रालय के इस निर्णय से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में कार्यरत लगभग 300 सुपरवाईजर स्तर के कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

17/11/2022
(आर० एन० तिवारी)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक / ब्यूरो प्रमुख, रायबरेली